14- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/14/2025 11:14 AM Page 1


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री



शिव टाकीज रोड पर पार्क का कार्य तेजी से चल रहा है।




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## जिला पंचायत स्थायी समिति सभापतियों का चुनाव आज

**बिलासपुर।** जिला पंचायत के विभिन्न स्थायी समितियों में सभापति एवं सदस्यों का निर्वाचन मंगलवार को होगा। पूर्व सभापति, सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जिला पंचायत में नए जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आए हैं, उन्हीं में से सभापति और सदस्य चुना जाएगा। जिला पंचायत सभापति के चुनाव में भाजपा सहित कांग्रेस के भी सदस्य शामिल होंगे।

# बिलासपुर-झारसुगुड़ा की तीन लाइन पर दौड़ रहीं 120 मालगाड़ियां और रद्द हैं यात्री ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

रेल प्रशासन ने 11 से 25 अप्रैल तक बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन पर काम करने के लिए 36 प्रमुख ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। तीसरी लाइन पर चलने वाली यात्री ट्रेनों को रोका गया है, उसी लाइन पर 120 से अधिक मालगाड़ियों और लांग हॉल ट्रेनों को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है।

बिलासपुर डिवीजन में तीसरी और चौथी लाइन का काम किया जा रहा है। इस लाइन को एक-एक स्टेशनों पर जोड़ने के लिए रेलवे के अफसर कई-कई दिन तक यात्री ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश जारी कर देते हैं, जिसकी वजह से लाखों यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। पिछले चार-पांच साल से पेण्ड्रारोड, अनूपपुर से कटनी मुरवारा के बीच तीसरी लाइन का काम और बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन के अलावा रायपुर से नागपुर के बीच तीसरी लाइन का काम और अन्य अधोसंरचना सहित इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें अब तक 7 हजार से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, मेल, पैसेंजर और मेमू ट्रेनों को रोककर लाखों यात्रियों को परेशान किया जा चुका है। रेलवे जिस सेक्शन में तीसरी और चौथी लाइन का काम कर रही है, उसी सेक्शन में दूसरी और तीसरी लाइन पहले से ही बनी हुई है। इसमें यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रोकने के बाद केवल मालगाड़ियों का परिचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्रतिदिन बिलासपुर रेलवे जोनल स्टेशन से ही 120 से अधिक यात्री गाड़ियां और 300 से अधिक मालगाड़ी और 35 लांग हॉल ट्रेनों का परिचालन होता है। वर्तमान में रेल प्रशासन ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से 206 किलोमीटर चौथी लाइन और इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य किया जा रहा है। इस लाइन पर पहले भी हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली सारी गाड़ियों को रद्द किया जा चुका है। इस सेक्शन में भी तीन लाइन पहले से बनी हुई है। रायगढ़ से कोतरलिया के बीच चौथी लाइन को जोड़ने के लिए 36 से अधिक यात्री ट्रेनों को रद्द करने से लाखों यात्री हलाकान हो रहे हैं, वहीं तीनों लाइन पर लांग हॉल और मालगाड़ियों को चलाकर रेलवे को लदान का टारगेट पूरा करने का मौका मिल रहा है।

**यात्री गाड़ी सुरक्षा जरूरी**

रेलवे की पहली प्राथमिकता यात्रियों की सुविधा और उनकी संरक्षा रहती है। मालगाड़ी भी चलाना जरूरी है, क्योंकि इससे सभी स्थानों पर जरूरी सामानों को भेजने का काम होता है। अधोसंरचना और लाइन के काम में सुरक्षा की वजह से ही यात्री गाड़ियों को रद्द किया जाता है।

- अनुराग कुमार कश्यप
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल



- 11 से 25 तक चौथी लाइन जोड़ने रोक दिए गए हैं यात्री गाड़ियों के पहिए

**चलने वाली मालगाड़ी की संख्या शतक में :** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार कोयले की लोडिंग कोरबा के कोल वासरी के अलावा कुसमुंडा और ओडिशा के साथ सूरजपुर से प्रतिदिन करने के बाद मालगाड़ियों को पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और मुख्य मेट्रो स्टेशन की ओर रवाना किया जाता है। इसमें सबसे अधिक संख्या हावड़ा-मुम्बई मार्ग पर होती है, जहां मालगाड़ियों के परिचालन की संख्या शतक से अधिक है। इसके अलावा कभी-कभी चार से पांच मालगाड़ियों के वैगन को जोड़कर 30 से अधिक लांग हॉल ट्रेनों का परिचालन भी किया जा रहा है।

**प्रमुखता कोयला लोडिंग को :** बिलासपुर से रायगढ़ रेलवे स्टेशन हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन पर बने हुए हैं। इस लाइन पर प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई के ओर आने-जाने वाली यात्री गाड़ियों की संख्या 50 से अधिक है। इसके अलावा बिलासपुर से रायगढ़ और ईब स्टेशन के बाद कोयले की लोडिंग के लिए खाली मालगाड़ियां रवाना होकर वापस इसी मार्ग से लाई जाती हैं। थ्रू आउट पासिंग दिए जाने के कारण रेलवे को खाली लाइन की आवश्यकता होती है, जिसके कारण लोडिंग को प्रमुखता देने के लिए यात्री गाड़ियों को रद्द करने के साथ किसी भी स्थान पर घंटों नियंत्रित कर दिया जाता है।

**रद्द नहीं करने का लिया गया था निर्णय :** एक साल पहले रद्द ट्रेनों के कारण यात्रियो को होने वाली परेशानी को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन और डिवीजन के अफसरों को अधोसंरचना कार्य के कारण किसी भी ट्रेनों के पहियों को नहीं रोकने का आदेश दिया था। इस आदेश मे कहा गया था कि जिस स्थान पर कार्य किए जा रहे हैं, वहां ट्रेन की स्पीड धीमी कर दें या डायवर्ट कर दें। इस निर्देश का पालन कुछ दिन तक बिलासपुर डिवीजन में भी किया गया। कुछ दिन तक पालन करने के बाद बंद करने के निर्णय को ही पूरी तरह से बंद कर दिया गया। सुरक्षा के कारण पैसेंजर गाड़ियों को रद्द किया जाता है।

# बेकाबू कार दो महिलाओं को टक्कर मारकर खड़े ट्रक में घुसी, एक महिला की मौत



मृतक



- सुबह 6 बजे मॉल के पास हुई दुर्घटना
- हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार की सुबह श्रीकांत वर्मा मार्ग पर तेज रफ्तार बेकाबू कार दो महिलाओं को टक्कर मारकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है, दूसरी महिला को सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक भागवत सिदार ने बताया, अकलतरा के ग्राम सोरमाल निवासी अंजू टण्डन पति लकेश्वर टण्डन 42 साल तालापारा सांई मंदिर के पास रहकर मैग्नेटो मॉल में काम करती थीं। 14 अप्रैल की सुबह 6 बजे वे पैदल ड्यूटी में मॉल जा रही थीं। मॉल के पास व्यापार विहार की ओर से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू कार के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अंजू टण्डन व एक अन्य महिला को जबरदस्त टक्कर मार दी, इसके बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जाकर घुस गई। हादसे के बाद कार छोड़कर ड्राइवर भाग निकला। इधर दो महिलाओं के घायल होने से हड़कंप मच गया। मौके पर मॉल में काम करने वाली महिलाओं की भीड़ लग गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों महिलाओं को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद अंजू टण्डन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है। पुलिस क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर ड्राइवर की पतासाजी कर रही है।

## अचानक गिरा विशाल पेड़, कार और बाइक क्षतिग्रस्त



**बिलासपुर।** तोरवा के छत्तीसगढ़ होटल के पास अचानक विशालकाय पेड गिरने से अफरा तफरी मच गई। घटना सोमवार सुबह 11 बजे के आसपास की है। पेड़ सीधे जमीन से उखड़ कर सड़क पर गिरी, इस दौरान सड़क पर बाइक समेत कई कार मौजूद थी। अचानक गिरे पेड़ के कारण लोगों को वाहन हटाने का मौका नहीं मिला और पेड़ की डंगाल वाहनों पर जा गिरे। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस दौरान किसी व्यक्ति के हताहत होने की खबर नहीं मिली है, लेकिन एक बड़ा हादसा टल गया। पेड़ गिरने की वजह से बिजली की तारें भी टूट गई। लोगों ने बिजली विभाग को इसकी सूचना दी। लाइन बंद कर सुधार कार्य किया गया, जिसके चलते सुधारने में काफी समय लग गया।

**निगम का बजट होगा पेश**

चुनाव के बाद पहली सामान्य सभा आज

# नगर निगम में 13 महिने बाद हो रही सामान्य सभा, हंगामेदार होने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पालिक निगम में पूरे एक साल एक महिन मतलब 13 महिने बाद मंगलवार 15 अप्रैल को सामान्य सभा होने जा रही है। नगर निगम चुनाव के बाद महापौर सहित नवनिर्वाचित पार्षदों की यह पहली बैठक है और इसमें नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट भी पेश होने जा रहा है, इसलिए सामान्य सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। चुनाव के बाद पहली सामान्य सभा को लेकर निगम में सोमवार अवकाश के दिन भी तैयारी चलती रही।

नगर निगम में काफी लंबे समय बाद सामान्य सभा हो रही है। इस बार देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में मंगलवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे से सामान्य सभा शुरू होगी। पिछली सामान्य सभा पिछले वर्ष 29 फरवरी 2024 में हुई थी, जिसमें लोकसभा चुनाव को देखते हुए निगम का बजट पेश हुआ था। उसके बाद नगर निगम में न तो मानसून सत्र और न ही शीतकालीन सत्र हो पाया।





सामान्य सभा कराए जाने को लेकर बार-बार मांग उठता रहा, किन्तु एक भी बार बैठक नहीं हो पाई। इस बीच पुराने महापौर सहित पार्षदों का पांच साल का निगम में कार्यकाल भी समाप्त हो गया। बीच में नगरीय निकाय चुनाव होते तक कुछ अवधि के लिए प्रशासक के रूप में कलेक्टर ने निगम की कमान संभाली। इसके बाद चुनाव में भाजपा के महापौर सहित ज्यादतर पार्षद जीतकर बहुमत में आए और निगम में कांग्रेस की सत्ता चली गई। लेकिन शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पहली सामान्य सभा नहीं हो पाई थी। मंगलवार को पहली सामान्य सभा होने जा रही है इसलिए पार्षद काफी उत्साहित हैं, जिससे काफी हो-हल्ला, हंगामा होने के आसार हैं।

### सदन में रखा जाएगा 1 हजार 89 करोड़ का बजट

नगर निगम का वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक एवं वर्ष 2025-26 का अनुमानित आय बजट सामान्य सभा में रखा जाएगा। निगम में लगभग 1 हजार 89 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। यह बजट पिछले दिनों निगम में हुई एमआईसी की बैठक में पेश हो चुका है, जिसमें पुनरीक्षित आय व्यय पत्रक वर्ष 2024-25 पर और वर्ष 2025-26 के अनुमानित आय व्यय पत्रक पर चर्चा हुई थी। एमआईसी में चर्चा उपरांत बजट पास कर दिया गया था और अब सामान्य सभा में अनुमोदन के

**कांग्रेस व भाजपा की बैठक :** कांग्रेस नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का नाम भी तय नहीं कर पाई है। चुनाव के बाद पहली सामान्य सभा 15 अप्रैल को होने वाली है, लेकिन इसमें कांग्रेस पार्षद नेताविहीन ही रहेंगे। सामान्य सभा को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस के पार्षदों की बैठक रखी गई थी, जिसमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि शहर में दो तरह की समस्याएं होती हैं। एक वार्ड पार्षद वार्ड स्तर में और दूसरा शहर स्तर की समस्या होती है, चूंकि संख्या में 18 कांग्रेस के पार्षद हैं, पर जज्बा में किसी से कम नहीं है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि हमारा लक्ष्य विकास और जन मुद्दा है। अभी से पानी के लिए शहर में हाहाकार मचा हुआ है। जल स्तर लगातार नीचे जा रहा पर निगम कोई समुचित कदम नहीं उठा रहा है। इसी तरह भाजपा कार्यालय में भी सामान्य सभा को लेकर सोमवार शाम को बैठक हुई, जिसमें महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, जिला शहर अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, विजय ताम्रकार सहित भाजपा के सभी पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में सत्तापक्ष भाजपा के पार्षदों को बजट सहित सभी प्रस्ताव ध्वनिमत से पास करने और सदन में एकजुट रहने कहा गया है।

# बिना अनुमति नलकूप खनन करते दो वाहन जब्त

**कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई**

### बोर खनन से पहले लेनी होगी विधिवत अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ग्राम पंचायत खरकेना में बिना अनुमति के बोर खनन में लगी दो गाड़ियां जब्त कर ली गईं। जिले में पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा बिना अनुमति बोर खनन प्रतिबंधित किया गया है।

तखतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकेना में सोमवार को अवैध रूप से बोर खनन में लिप्त दो बोर गाड़ियों को जब्त कर लिया गया। भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही बगैर स्वीकृति के बोर खनन करने पर प्रतिबंध लगाया था। इस दौरान शासकीय एजेंसी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकायों को बोर खनन की अनुमति है। इसी तरह अति आवश्यक होने की स्थिति में आम नागरिकों को नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत करने व स्वीकृति प्राप्त होने की दशा में ही बोर खनन करने के निर्देश दिए गए थे।

इधर सोमवार को कलेक्टर अवनीश शरण को सकरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकेना में गैर स्वीकृति अवैध रूप से बोर खनन होने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत पर उन्होंने सकरी तहसीलदार आकाश गुप्ता को तत्काल मौके पर रवाना किया। तहसीलदार ने खरकेना पहुंचकर बोर खनन में संलिप्त लोगों से स्वीकृति के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन उनके पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। ऐसी स्थिति में तहसीलदार के निर्देश पर बोर खनन में संलिप्त दोनों गाड़ियों को जब्त कर हिर्री थाने में खड़ी कर दी गई। इस मामले में जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ जल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## खबर संक्षेप

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 20 को

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 20 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थियों को पहचान पत्र आधार कार्ड या स्कूल का फोटोयुक्त परिचय पत्र की मूल प्रति के साथ दो पासपोर्ट रंगीन फोटो परीक्षा केन्द्र में लेकर जाना होगा। प्रवेश पत्र के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में सुबह 10 से शाम 05 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

## निधन

### दुर्गा दुबे



**बिलासपुर।** बंधवापारा अरविंद नगर सरकंडा निवासी दुर्गा दुबे का 14 अप्रैल को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार काशी मर्णिकर्णिनिका घाट में किया गया। वे ऋषि कुमार दुबे की माता थीं।

### त्रिलोकी नाथ देवांगन



**बिलासपुर।** सरकंडा अशोक विहार फेस-1 बालक छात्रावास के पास रहने वाले त्रिलोकी नाथ देवांगन का 14 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे के बाद सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे तन्मय देवांगन, संजय एवं अमित देवांगन के पिता थे।

### शत्रुघ्न लाल



**बेलतरा।** ग्राम नेवसा निवासी शत्रुघ्न लाल धीवर उम्र 54 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम उनके गृह ग्राम मुक्तिधाम नेवसा में संपन्न हुआ। वे शांति बाई धीवर के पति एवं कमलेश्वर धीवर, लेखराम, विकास, ओमप्रकाश के पिता थे।

### सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए अरुण साव

# डिप्टी सीएम साव ने कहा- भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन में शामिल हुए। इस सम्मेलन में श्री साव ने संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को संकल्पित किया एवं उनमें एक नई ऊर्जा और जोश का संचार गया।

इस सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण एवं 400 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्री साव ने पार्टी की विचारधारा, मोदी सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आह्नान किया। उप-मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। आने वाले समय में लोरमी विधानसभा में भाजपा को नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य आप जैसे सक्रिय कार्यकर्ता ही करेंगे। कि सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।



कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल डिप्टी सीएम अरुण साव व भाजपा कार्यकर्ता।

श्री साव ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की सभी गतिविधि को सरल ऐप में अपलोड करने का आग्रह किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने और उस पर चर्चा करने की बात कही। और इसकी फोटो एप में अपलोड करने का आग्रह किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मुछेल में लगा चलित थाना

**लोरमी।** थाना चिल्फी क्षेत्र के ग्राम मुछैल में चलित थाना में तुम्हर गांव तुम्हर द्वार अभियान चलाया गया। ग्रामीणों की समस्या एवं शिकायत सुनी गई तथा सुझाव लिए गए। अधिकांश लोगों द्वारा नल पानी बढ़ती गर्मी के कारण हो रही परेशानी तथा पुलिस से सम्बंधी एक शिकायत जो पिता अपने पुत्र को घर में शराब पीकर गाली गलौज करने से समझाने बाबत दिया गया। थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि स्थल में बुला कर समझाइश दी गई तथा दोबारा करने पर कार्रवाई करने हिदायत दी गई तथा उप लोगों को जागरूक करने नशामुक्त नशा से दूर रहने नशामुक्त आदर्श ग्राम बनाने अपराध मुक्त ग्राम साइबर ठगी के शिकार से बचने तथा बढ़ती दुर्घटना से यातायात नियमों का पालन करते वैद्य कागजात लायसेंस आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# लोरमी के युवक की कोटा में पिटाई, अधमरा छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



लोरमी नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी युवक की कोटा में कुछ युवकों ने पिटाई कर अधमरे हालत में खेत में छोड़कर फरार हो गए। युवक को ईंट बनाने वाले मजदूरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिलासपुर सिम्स में रिफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोटा पुलिस के अनुसार लोरमी वार्ड क्रमांक 5 निवासी सलमान अली पिता मजीद अली तीन-चार अन्य दोस्तों के साथ कोटा स्थित गोबरीपाठ गए थे। यहां उन्होंने छककर शराब पी, फिर किसी बात को लेकर दोस्तों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि कोटा के ही रहने वाले एक अन्य साथी ने दूसरे साथियों के साथ मिलकर सलमान अली की जमकर पिटाई की और अधमरे हालत में उसे खेत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उस पर प्राणघातक हमला कर पिटाई की गई। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। मृत समझकर छोड़ा- युवक के शरीर में किसी भी प्रकार का मूवमेंट नहीं होने पर उसे मृत समझकर आरोपी घटनास्थल पर उसे छोड़कर चलते बने। रविवार की रात से खेत में गंभीर हालत में सलमान अली पड़ा रहा जिसकी सांसें चल रही थीं। सुबह 4 से 5 बजे के बीच ग्रामीणों ने उसे देखा तो इसकी जानकारी 112 को दी। सूचना पर पहुंची कोटा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ति सलमान अली से सिम्स में पूछताछ कर बयान दर्ज किया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करेगी।

### गंभीर हालत में सिम्स दाखिल

### की जा रही पूछताछ

घायल लोरमी निवासी सलमान से पुलिस आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है। जल्द ही मामला दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना करेगी।

**-राज सिंह,**
थाना प्रभारी, कोटा

# लापता बच्ची का सुराग नहीं परिजन से मिले एसपी



**लोरमी।** ग्राम कोसाबाड़ी में लापता बच्ची के परिजन से पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मुलाकात की। तीसरे दिन लापता बच्ची का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने तलाशी अभियान और तेज कर दिया है।

ज्ञात हो कि 12 अप्रैल की रात 2 बजे ग्राम कोसाबाड़ी में पुष्पा गोस्वामी अपनी सात वर्षीय बच्ची के साथ सो रही थी। जब उनकी नींद खुली तो बच्ची बिस्तर से गायब थी। आस पड़ोस में पतासाजी करने पर उसकी जानकारी नहीं मिली, इस पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इधर परिजन ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर बच्ची को अपहरण करने का आरोप लगाया है। इस खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल जिला के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने ग्राम कोसाबाड़ी में बच्ची के परिजन से मुलाकात की और उन्हें आस्वाशन दिया कि जांच टीम हर पहलुओं पर परीक्षण कर रही है। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है।

# संविधान के कारण ही हम सबको मिला समानता का अधिकार: अटल

**बिलासपुर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती कोटा में विधायक अटल श्रीवास्तव आतिथ्य में मनाई गई। उन्होंने सर्वप्रथम बाबा साहब के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की नमन किया। कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया।

अटल श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब का जीवन अनुकरणीय है। अभाव में पलकर बड़े हुए शिक्षित हुए शिक्षित होकर उन्होंने समाज को संगठित किया। शिक्षा की शक्ति और संगठन की शक्ति उन्होंने समाज के लोगों को दिखाई और कहा कि संगठित होकर शिक्षित होकर ही हम समाज के कुरीतियों से मुकाबला कर सकते हैं। बाबा साहब को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कानून मंत्री बनाया पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस का मानना था कि बाबा साहब ही उस संविधान का निर्माण कर सकते थे जो दलितों वंचितों शोषण पीड़ित और समाज के सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिला सकता है अगर आज इस मंच पर हम सभी वर्ग के लोग समान अधिकार के साथ बैठे हैं तो इसका कारण बाबा साहब का संविधान है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब के संविधान को पवित्र माना और उस पर चलने की कसम खाई आज भी संविधान को लेकर कांग्रेस पूरी लड़ाई लड़ रही है। हम सबको बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करते हुए देश की एकता के लिए काम करना चाहिए। हम सब बाबा साहब के रास्ते पर चले । अटल श्रीवास्तव के साथ कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित प्रकाश जायसवाल संतोष मिश्रा लच्छू महाराज विधायक प्रतिनिधि कुलवंत सिंह देवेंद्र कौशिक श्रीमती बीना मसीह दिलीप श्रीवास अनिल मसीह रहस्य यादव जब्बार खान संतोष बघेल चिंताराम ध्रुव जिला पंचायत सदस्य रजनी मरकाम जय कुमारी जगत जनपद अध्यक्ष सूरज भारद्वाज राधेलाल भारद्वाज आदि शामिल रहे।



# डॉ. अम्बेडकर की स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि मिल रही

**बोदरी।** ग्राम पंचायत भवन बरतोरी में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। जनपद पंचायत बिल्हा के पूर्व सभापति डॉ. लक्ष्मण यादव ने कहा कि उन्होंने देश का संविधान लिखकर देश के नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करते समानता स्वतंत्रता एवं भेदभाव के विरुद्ध सुरक्षा जैसे मौलिक अधिकारों की गारंटी दी है। कार्यक्रम में मनहरण नेताम सरपंच बरतोरी, दीपक यादव, नरेश जायसवाल मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा बिल्हा, राजेन्द्र डहरिया, भानु वर्मा, अशोक वर्मा, सोनू पाड़े एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं पंच उपस्थित रहे।







जीवेत शरदः शतम्
मान. श्याम बिहारी जायसवाल जी
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन का
आभार अभिनंदन...
मान. सुशांत शुक्ला जी
विधायक बेलतरा
मान. नितीन नबीन जी
प्रदेश प्रभारी
रूपलाल चावला
डॉ. धर्मेन्द्र दास
[ अध्यक्ष-पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच छठघाट, प्रदेश सह-संयोजक- भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ (छ.ग.)]
को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्वशासी समिति
के सदस्य बनाए जाने पर आभार... एवं
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत : पाटिलीपुत्र संस्कृति विकास मंच, छठघाट बिलासपुर

14- APR- BSP- P-4 ZIN_Layout 1 4/14/2025 11:15 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## 25 तक करें अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन, आर्मी ने बढ़ाई लास्ट डेट



**बिलासपुर।** इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। आवेदन करने के इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स नई तिथि के अनुसार, अब 25 अप्रैल तक अप्लाई कर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए कैंडिडेट्स को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अप्लाई करना होगा। बता दें कि इसके पहले आवेदन करने की लास्ट डेट कल यानी कि 10 अप्रैल थी लेकिन अब लास्ट डेट में विस्तार होने से अभ्यर्थियों को अप्लाई करने के लिए कुछ और दिन का समय मिल गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अप्लाई करने से पहले एक बार नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ लें और फिर आवेदन पत्र भरें, क्योंकि गड़बड़ी पकड़ में आने पर फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा। इसलिए इस बात का ध्यान विशेष तौर पर रखें। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अप्लाई करने से पहले एक बार नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ लें और फिर आवेदन पत्र भरें, क्योंकि गड़बड़ी पकड़ में आने पर फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा। इसलिए इस बात का ध्यान विशेष तौर पर रखें।

जॉब लाइव

## वैज्ञानिक सहायक के पदों पर निकली भर्ती, 2 मई से कर सकेंगे आवेदन

**बिलासपुर।** कर्मचारी चयन आयोग ने वैज्ञानिक सहायक के पदों पर भर्ती निकाली है। जारी सूचना के मुताबिक, कुल 23 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 02 मई से शुरू होगी। इस वैकेंसी के लिए अप्लाई करने के इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। कर्मचारी चयन की ओर से जारी आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से वैज्ञानिक सहायकों के पदों पर भर्ती की जाएगी। यह नियुक्ति राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, रांची में की जाएगी। कुल 23 पदों में नियमित रिक्त के 14 एवं बैकलॉग नियुक्ति के नौ पद शामिल हैं। रेग्यूलर वेकेंसी में फिजिक्स, जनरल केमिस्ट्री, विष विज्ञान, सीरम विज्ञान, डीएनए और साइबर फॉरेसिंक में वैज्ञानिक सहायकों के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस भर्ती से जुड़ी अहम तिथि और आवेदन करने के लिए आसान स्टेप्स सहित अन्य जानकारी नीचे दी जा रही है जिसे उम्मीदवार चेक कर सकते हैं।



### 14 मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे

वैज्ञानिक सहायकों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। अब, होमपेज पर उपलब्ध जॉब्स भर्ती लिंक पर क्लिक करें। यहां उपलब्ध लिंक एक्टिव होने पर आवेदन फॉर्म भरें। सभी जरूरी जानकारी के साथ मांगे गए दस्तावेज अपलोड करें। अब शुल्क सबमिट करें। भरे हुए एप्लीकेशन फॉर्म का प्रिंटआउट लेकर रख लें। इसके अलावा, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए आवेदन फॉर्म 14 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। ज्यादा जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

आयोजन

## जीवन मूल्य : अब रोटी, कपड़ा और मकान हासिल करना



**बिलासपुर।** दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर का समापन 14 अप्रैल सोमवार को हो गया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने सिंधी धर्मशाला गोल बाजार में यज्ञ और राष्ट्रीय प्रार्थना करवाकर शिविर का शुभारंभ किया। चंडीगढ़ के आचार्य कुलवीर और आचार्य दीपक दोनों ने अपने हजारों वर्षों से भूले वैदिक सिद्धांतों को बताया। आचार्य ने बताया कि मनुष्य अपने जीवन मूल्यों को भूल गया है वह जीवन मूल्य जो पहले गुरुकुलों में बताया जाता था, अब स्कूल और कॉलेज में केवल रोटी कपड़ा और मकान कैसे अर्जित किया जाए यह पढ़ाया जाता है। इसके अभाव में आज हमारी सनातन नैतिक जिम्मेदारियों को और जीवन मूल्यों को नहीं समझ पा रहे हैं न ही जान पा रहे हैं। जिसके कारण नैतिकता सदाचार और चरित्र खत्म होता जा रहा है। इसके खत्म होने से देश में अत्याचार पापाचार, भ्रष्टाचार और बलात्कार आदि जैसे अनेक घीनोने कृत्य बढ़ते जा रहे हैं। समाज में दुख अशांति और भय का माहौल बनता जा रहा है। इसका केवल एक ही समाधान है वेदों की ओर लौटो। आचार्य कुलबीर ने बताया कि जो धर्म को ठीक से जानता नहीं है समझता नहीं है। वह धर्म की रक्षा कर नहीं पाता। आचार्य दीपक ने बताया कि आज उछल कूद करने को ही योग कहते हैं, परंतु यह योग नहीं है योग तो चित्त की वृति को रोक देने का नाम योग है। आचार्य कुलबीर ने बताया कि यह देश आर्यावर्त के नाम से ही जाना जाता था।

# खरमास खत्म : शादी व शुभ कार्य होंगे, दो माह तक वेडिंग सीजन

मेष संक्रांति सोमवार को मनाई गई। इस दिन सूर्य ने मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश किया। जिससे खरमास की समाप्ति हो गई। ज्योतिषाचार्य अनमोल शर्मा ने बताया कि खरमास की समाप्ति के साथ ही शादी-विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे शुभ कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। इस तरह मांगलिक कार्य होने से सब तरफ शहनाई के मधुर स्वर गूंजने लगेंगे। सड़कों पर वर यात्रा नजर आने लगेंगी। अप्रैल माह में शुभ विवाह के लिए कुल नौ मुहूर्त बन रहे हैं।



8 जून तक होंगे विवाह, बाजारों में भी रौनक बढ़ेगी

**बिलासपुर।** 4 मार्च से शुरू हुआ खरमास समाप्त होने से शादियों पर लगा ब्रेक हट गया। विवाहों के आयोजन शुरू हो जाएंगे। गर्मी के इन 53 दिनों में बड़ी संख्या में विवाह होंगे। पंडित ने बताया की अप्रैल में ही 30 तारीख को अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहुर्त भी पड़ रहा है, यह एक ऐसा दिन है जिसमें बिना मुहूर्त देखें सारे शुभ कार्य किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया के दिन किए गए मांगलिक कार्य, खरीदारी, नए काम की शुरुआत का दोगुना फल मिलता है, सुख-समृद्धि दस्तक देती है।





### 8 जून तक होंगे विवाह



अप्रैल में 14, 15, 16, 17, 18, 20, 25, 29 और 30 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। मई में सबसे अधिक विवाह मुहूर्त रहेंगे। मई में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28 तारीख शुभ है। जून में 1, 2, 3, 4, 5 , 7 व 8 को विवाह के लिए उत्तम हैं। 6 जुलाई से लेकर नवम्बर तक चातुर्मास के कारण मांगलिक दिनों का अभाव रहेगा। चातुर्मास के बाद 18 नवंबर से शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। नवंबर में 18, 21, 22, 23, 25, 30 और दिसंबर में 4, 5, 6 दिन शुभ हैं।

### बाजार में जमकर होगी बिक्री

शुभ लग्न प्रारंभ होते ही शादी-विवाह होने से व्यापार पर भी खासा प्रभाव पड़ता है। कपड़ा व्यापारी सचिन नंदवानी ने बताया की शादी के सीजन में रेडीमेड व कपड़े मंगाए गए हैं, बच्चों व महिलाओं के कपड़ों पर ज्यादा फोकस है। महिलाएं सबसे ज्यादा साड़ी व लहंगा पसंद करती हैं। तो वहीं सराफा दुकानदारों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में सोने की कीमत करीब डेढ़ गुना हो गई है, लेकिन दुल्हन को सोने के आभूषण पहनाए जाते हैं, ऐसे में लोग कम सोना खरीद रहे हैं।

### 6 जुलाई को लगेगा विराम

इस बार 14 अप्रैल से 8 जून तक विवाह के 30 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। शादी विवाह के शुभ मुहूर्त पर 6 जुलाई को विराम लग जाएगा जो 2 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके बाद फिर से शादी की शहनाई गूंजने लगेंगी। अप्रैल माह में नौ दिन, मई में 17 दिन और जून माह में सिर्फ पांच दिन ही मुहुर्त हैं। इससे छह जून से फिर शादियों पर लंबा ब्रेक लग जाएगा।

### विटामिन से भरपूर आम पना, मौसमी भाजी फायदेमंद, घरेलू सामग्री से तैयार करें

# शरीर को हाइड्रेट रखने करें ठंडे पेय का सेवन

**बिलासपुर।** भागदौड़ भरी जीवनशैली में सेहत का ध्यान रखना सबसे बड़ी चुनौती है। इन दिनों लोग गर्मी से बचने ठंडे पेय पदार्थ पीना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसके लिए चिकित्सकों की सलाह और पारंपरिक खानपान की ओर लोगों का रुझान देखा जा सकता है।

वहीं युवा पीढ़ी पैकेजिंग फूड एवं कोल्ड्रिंक पर अधिक विश्वास करती है, जो पूर्ण रूप से सेहत के लिए फायदेमंद नहीं माना जाता। इस स्थिति में बाजार और घरों में मौजूद फायदेमंद पारंपरिक वस्तुओं को दिनचर्या में



शामिल कर सकते हैं। मौसम बदलते ही व्यक्तियों को थकान, सिरदर्द, पसीना, चक्कर, थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में अकड़न जैसी अनेक समस्याएं होती हैं, जिसका एक मुख्य कारण वर्तमान समय का खानपान है। अव्यवस्थित दिनचर्या शरीर को धीरे-धीरे बीमारियों के नजदीक ले जाती है, जिससे अनेक समस्याओं से व्यक्ति घिरता जाता है। इससे बचने और दिनचर्या को व्यवस्थित करना आवश्यक है, जिसके लिए गर्मी के दिनों में विभिन्न वस्तुओं को भोजन में शामिल करें।



### आम का पना है लाभदायक

विटामिन से भरपूर आम पना गर्मी के दिनों के लिए फायदेमंद होता है, जिसे दिन में 2-3 बार पी सकते हैं। विटामिन ए और सी से भरपूर आम पना त्वचा, दृष्टि और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है। शरीर को हाइड्रेड रखने और पाचन तंत्र को मजबूत करने में आम पना सबसे फायदेमंद है। इसे तैयार करने के लिए कच्चा आम, गुड़ या चीनी, जीरा पाउडर, काला नमक, पुदीना पत्ती, मटके का पानी और काली मिर्च को पीस कर बना सकते हैं।

पंजाबी संस्था के फ्रेंडली क्रिकेट मैच

# अंकुर को बेस्ट बैट्समैन व अभिषेक ऋषि को बॉलर का खिताब

बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर पंजाबी संस्था व पंजाबी हिन्दू महिला संस्था का मध्य फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के स्टेडियम ऑफ ड्रीम्स में फ्लड लाइट की रोशनी के बीच संपन्न हुआ। जिसमें अंकुर को बेस्ट बैट्समैन और अभिषक ऋषि को बॉलर का खिताब मिला।




स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** बैसाखी पर्व फसल, उत्सव, कृतज्ञता और सामुदायिक भावना का त्योहार हैं। इस अवसर पर पंजाबी समाज द्वारा विभिन्न आयोजन किया जाता है। इसी तारत्मय में पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था का फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाबी संस्था परिवार के सभी आयु वर्ग के महिला और पुरूषों ने भाग लिया। मैच का आयोजन पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि की अगुवाई में किया गया। 10-10 ओवर के इस मैत्री मैच में टीम-ए के कप्तान गौरव ऐरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रिंकी सलूजा की कप्तानी में टीम-बी ने पूरे मैच के दौरान सधी हुई गेंदबाजी की और विपक्षी टीम को मात्र 31 रन के कुल स्कोर पर समेट दिया। टीम-बी ने जीत के लिए 2 रनों के मामूली लक्ष्य को सिर्फ 5 ओवर में पूरा करते हुए शानदार जीत हासिल की। फ्रेंडली क्रिकेट के इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने भरपूर उत्साह और खेल भावना का परिचय दिया। पूरे मैच के दौरान अध्यक्ष अशोक ऋषि एम्पायर रहे। जबकि कमेंट्री व स्कोरिंग की संयुक्त जिम्मेदारी नमिता ऋषि, राजेश दुआ व चानी ऐरी ने सम्हाली। टीम-बी की कप्तान रिंकी सलूजा व उनकी टीम को विनर तथा गौरव ऐरी की टीम-ए को रनर की ट्रॉफी प्रदान की। टीम-बी के अंकुर दुआ, अतुल दुआ, अभिषेक ऋषि तथा टीम-ए के गिरीश आहूजा और रवि खन्ना ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। वहीं अभिषेक ऋषि और प्रतीक ढोडी ने भी उत्कृष्ट गेंदबाजी की। इस अवसर पर अंकुर दुआ को बेस्ट बैट्समैन तथा अभिषेक ऋषि को बेस्ट बॉलर का खिताब भी दिया गया। इस अवसर पर पंजाबी समाज के सदस्य, गणमान्य नागरिक तथा आमंत्रित अतिथिगण दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे। अंत में संस्था के अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

### टीम में ये रहे खिलाड़ी

कैप्टन गौरव ऐरी की टीम-ए में राजकुमार कोहली, रवि खन्ना, हेमचंद्र ऐरी, गिरीश आहूजा, अनुज त्रेहान, सरिता सलूजा, सीमा दुआ, चांदनी दुआ, जगजीत सलूजा, अर्शिका, सोनल, हर्जित व शर्लिन सलूजा तथा कप्तान रिंकी सलूजा शामिल थे। टीम-बी से रमा ऐरी, अभिषेक ऋषि, आरती कोचर, ज्योति भसीन, अतुल दुआ, दिनेश उथरा, अंकित गांधी, प्रतीक ढोडी, राजेश दुआ, अंशिका कोचर, अक्षत, सात्विक बत्रा, आशना, शाश्वत एवं कुणाल खेल रहे थे।

कबड्डी प्रीमियर लीग

# महिला वर्ग के 8 वें सीजन में हरिणी वारिर्स महासमुंद बनीं विजेता

तीन दिवसीय रात्रिकालीन महिला कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम खैरा में किया गया। फाइनल मुकाबले में हरिणी वारियर्स ने शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।




कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग के 8 वें सीजन का आगाज सोमवार को किया गया। कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला हरिणी वारियर्स महासमुंद और जीपीएम पेंथर्स पेंड्रा के मध्य खेला गया। महासमुंद ने 40-39 के मुकाबले 1 अंकों से विरोधी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल गोंडवाना रेप्टार्स राजनांदगाव विरुद्ध भिलाई स्टीलर्स के मध्य खेला गया, जिसमें राजनांदगाव ने 34-24 के मुकाबले 10 अंकों से विरोधी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लीग का फाइनल मुकाबला हरिणी वारियर्स महासमुंद विरुद्ध गोंडवाना रेप्टार्स राजनांदगाव के मध्य खेला गया। महासमुंद ने 37-28 के मुकाबले 9 अंकों से राजनांदगांव को हराकर चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश व ओड़िसा की बेस्ट दो-दो खिलाड़ियों को प्रत्येक टीम जगह दिया गया। इसमें 72 महिला खिलाड़ी, 6 कोच व 6 मैनेजर शामिल थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रतनपुर थाना प्रभारी नरेश चौहान, बिलासपुर संभाग क्रीड़ा जीडी गर्ग, जिला पंचायत सदस्य रजनी पिंटू मरकाम, सीवी रमन यूनिवर्सिटी खेल विभाग प्रमुख डॉक्टर जयशंकर यादव व ग्राम पंचायत खैरा सरपंच सुक्रिता पोर्ते के हाथों विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 50 हजार रूपए व ट्रॉफी हरिणी वारियर्स महासमुंद, द्वितीय पुरुस्कार 31 हजार रुपए व ट्रॉफी गोंड़वाना रेप्टार्स राजनांदगाव, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपए व ट्रॉफी जीपीएम पेंथर्स व चतुर्थ पुरस्कार 15 हजार रुपए ट्रॉफी भिलाई स्टीलर्स को प्रदान किया गय। इसके अलावा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सब्बो मुस्कान को 7 हजार रुपए, बेस्ट रेडर ज्योति भाटी को 51 सौ रुपए व ट्रॉफी, बेस्ट लेफ्ट कार्नर कंचन देवांगन को 31 सौ रुपए प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### श्री माधव प्रेरणा केंद्र ने किया फिजियोथैरेपी सेवा केंद्र का शुभारंभ



बिलासपुर। श्री माधव प्रेरणा केंद्र द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेवा केंद्र का शुभारंभ 13 अप्रैल को किया गया। इसके मुख्य अतिथि क्षेत्र के संघ संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डा. पुर्णेन्दु सक्सेना एवं विभाग संघचालक डा. राजकुमार सचदेव, नगर विधायक अमर अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम श्री माधव प्रेरणा केंद्र के अध्यक्ष शांतनु मुखोपाध्याय, सचिव विश्वास जलताड़े, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश श्रीवास, सह सचिव माधव मिश्रा, रामनारायण साहू, प्रदीप शर्मा, डा.विनोद तिवारी, डा. ललित माखीजा, प्रकाश ग्वालानी, डा. नीतिन जुनेजा, डा. अभिजित रायजादा, पुर्णेन्दु भट्ट, तारणीश गौतम, महावीर के साथ नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### स्वदेशी जागरण मंच की जिला इकाई ने लिया संकल्प



बिलासपुर। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान की जिला इकाई की बैठक डॉ सुशील श्रीवास्तव के निवास में हुई। जिसमें जन जन में स्वदेशी का भाव जाग्रत करने एवं स्वावलंबी एवं आत्म निर्भर बनाने, नौकरी के विकल्प स्वरोजगार व उद्यमिता को प्रोत्साहित करने स्वावलंबी भारत अभियान को गति देने सभी ने संकल्प लिया। बैठक में शंकर त्रिपाठी, डॉ सुशील श्रीवास्तव, डॉ नीता श्रीवास्तव, डॉ देवेन्द्र कौशिक, नारायण गिरी गोस्वामी, उचित सूद, लता गुप्ता, किरण मेहता, दीप्ति बाजपेयी, जूही जैन, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी,बबीता ताम्रकार, डॉ सचिन यादव,सुनीता ठाकुर, अरुण सिंह ठाकुर, निकेत श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव,प्रभा बाजपेयी,आरती अनंत, किरण सिंह, जी पी भास्कर,अंकिता मेहता, उषा भास्कर, ज्योतिन्द्र उपाध्याय,रौनक केसरी, सुमन द्विवेदी, जूही वर्मा, रीना गोस्वामी, चानी ऐरी,पुजा खत्री, पूनम श्रीवास,प्रतीक देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### सेवा कार्य के लिए स्माइल परिवार को मिले विभिन्न अवार्ड

बिलासपुर। जबलपुर के आनंदम में 12 व 13 अप्रैल को 8 वीं डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कान्फ्रेंस में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली लायंस क्लब बिलासपुर



स्माइल परिवार को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्लब के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233-सी लायंस क्लब बिलासपुर की स्माइल परिवार को 8 वीं डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्लब की कोषाध्यक्ष चेयरपर्सन डॉ. सुरभि राजगीर को बाल एवं महिला स्वास्थ्य पर कार्य करने सर्वश्रेष्ठ डिस्ट्रिक चेयरपर्सन, मेडिकल कैंप, फूड फॉर हंगर, कैंसर अवेयरनेस के क्षेत्र पर कार्य करने पर गवर्नर सुधीर जैन व डिस्ट्रिक की प्रथम महिला रश्मि जैन द्वारा थ्री स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब फाउंडर एवं एडमिनिस्ट्रेटर डिस्ट्रिक चेयरपर्सन रीता राजगीर को एक्सीलेंस इन सर्विस अवार्ड प्रदान किया गया। महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा पर विशेष सहयोग, सदस्यता वृद्धि, जरूरतमंद को ई-रिक्शा देने पर पूरे लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल टीम का सहयोग रहा। अध्यक्ष श्वेता शास्त्री को अवार्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक चेयरपर्सन दीप्ति लता साहू को जल बचाओ पर कार्य करने हेतु 3 स्टार अवार्ड मिले। इस डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस में रीजन चेयर पर्सन अरविंद दीक्षित, जोन चेयरपर्सन प्रमोद वर्मा क्लब के सदस्य लक्ष्मी देवी, डॉ. सविता पांडे, सुनीता विश्वकर्मा, चित्रलेखा वर्मा, दुर्गा यादव उपस्थित रहीं।

# बाबा साहब ने भारतीय समाज में नई चेतना का विस्तार किया: सीएमडी



बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। एसईसीएल प्रबंधन ने बिलासपुर स्थित माता रानी की कुटिया महिला वृद्धाश्रम में कुर्सी, पेटी एवं मिष्ठान का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि ऐसे महामानव सदी में एक बार पैदा होते हैं। उन्होंने सम्पूर्ण राष्ट्र, सर्व मानव समाज के लिए कार्य किया। उनके समाजोन्मुख सोच के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में एक नयी चेतना का विस्तार हुआ, समाज में काफी सकारात्मक बदलाव आए। उनके जीवन से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हमें सफलता के लिए रास्ता निकालना चाहिए। श्रम संघ प्रतिनिधि ने अपने सम्बोधन में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने माल्यार्पण किया। साथ ही बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की स्थापित प्रतिमा पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ पदाधिकारियों, एससी/एसटी एसोसिएशन, सिस्टा के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन), बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी, हिमांशु जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता और सद्भाव के अग्रदूत थे अंबेडकर : प्रो. चक्रवाल



बिलासपुर। सीयू में सोमवार को भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं विश्वविद्यालय में स्थापित गुरुघासीदास के चेयर के शुभारंभ अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि समाज के सशक्तिकरण एवं राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने के लिए बाबा साहब के संदेश अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक समरसता तथा सद्भाव के अग्रदूत थे। जिस प्रकार आजादी के पूर्व गुरु घासीदास बाबा ने समाज का उत्थान किया। उसी प्रकार भारत रत्न डॉ. अंबेडकर ने भारत के नवनिर्माण के साथ ही सामाजिक समानता के लिए जनजागरण किया। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने स्वतंत्र भारत के व्यवस्था के मेरुदंड रुपी संविधान के निर्माण का कार्य किया। इससे पूर्व कुलपति प्रो. चक्रवाल एवं सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे सहित विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण एवं विभागाध्यक्षों ने डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय स्थित भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मंचस्थ अतिथियों को नन्हा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। तरंग बैंड के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। प्रो. शैलेन्द्र कुमार अधिष्ठाता कल्याण ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर गुरुघासीदास चेयर का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात गुरुघासीदास चेयर प्रो. भारती अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही मंचस्थ अतिथियों ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा संपादित पुस्तक गुरु घासीदास सतनाम पंथ के प्रवर्तक का विमोचन किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित कुलसचिव प्रो.एएस रणदिवे ने किया।

### जयंती पर समाज के लोगों ने निकाली रैली



बिलासपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जीडीसी कॉलेज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल से रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि वार्ड क्रमांक 23 की पार्षद वंदना महेश चंद्रिकापुरे उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान बिहार में चल रहे महाविर के मुक्ति आंदोलन को समर्थन देते हुए 1 लाख 34 हजार रुपए राशि दान देने की सहमति बनी। इस अवसर पर बौद्ध समाज, भारतीय बौद्ध महासभा, डॉ. अंबेडकर युवा मंच, बुद्धयान सोसाइटी, महिला सशक्तिकरण संघ, आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम द्वारा मांग किया गया।

### स्वयं सेवकों ने मनाई बाबा साहब की जयंती



राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सदस्यों ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पदयात्रा किया। इस अवसर पर उनके विचारों पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. मनोज कुमार सिंहा ने कहा कि उनके विचार आज और ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं। शत्रुघ्न घृतलहरे कहा कि बाबा साहब का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। युवाओं को आज उन्हें समझने की जरुरत है। इस अवसर पर मोना केवट, डॉ. रश्मि जितपुरे, युपेश कुमार, रोहित कुमार लहरे सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### स्पेशल बच्चों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम



चाइल्ड रिहैबिलिटेशन सेंटर द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेविका रेखा गुल्ला, विशिष्ट अतिथि स्पीच थैरेपिस्ट आशा तिवारी एवं स्पेशल एजुकेटर अंजली चावड़ा रहीं। मुख्य अतिथि ने कानून व्यवस्था, अधिकार और समानता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों ने सामाजिक छुआछूत, भेदभाव पर अपने विचार प्रकट किए गए। इस अवसर पर संस्था द्वारा स्पेशल बच्चों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं अभिभावकों के लिए स्पीच कंपटीशन रखी गई। जिसमें विशेष बच्चों में हर्ष मंडल प्रथम, अर्नव द्वितीय व वैभव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन न्यूट्रीशनिस्ट विद्या साहू ने किया।

# सूर्यवंशी समाज एक संगठित समाज: अमर





बिलासपुर। सूर्यवंशी समाज के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह लखीराम ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने किया। विशिष्ठ अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह, दिलीप लहरीया, अटल श्रीवास्तव, सुशांत शुक्ला तथा महापौर पूजा विधानी, ए. आर. सूर्यवंशी, त्रिलोकीनाथ खरे थे। स्वागत गीत लक्ष्मी करियारे व सूरज श्रीवास ने सुनाया। मुख्य अतिथि विधायक श्री अग्रवाल ने सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता के बीच जाकर अपने कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करेंगे तभी विकास होगा।

विधायक धरमलाल कौशिक ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जिस अपेक्षा के साथ आपको चुना है उन्हें पूरा करना हम सबका दायित्व बनता है। जिसने जिताया है उनके प्रति समर्पण भावना जरूरी है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि चुनौतियां आगे और हैं, हमें निचले तपके के लोगो के लिए काम करना होगा। उन्होंने व्यवसाय के क्षेत्र में आगे आने कि बात कहते हुए राम ग्राफिक्स को बधाई दी। वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह व मस्तुरी विधायक दिलीप लहरिया तथा महापौर पूजा विधानी, मस्तुरी विधायक ने बताया कि समाज को कई मंगल भवन दिए गए हैं। इन्होंने पंधी एवं किरारी में सामाजिक भवन देने की बात कही। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने सूर्यवंशी समाज को पथ प्रदर्शक बताते हुए दुसरे समाज के लोगों को इस समाज का अनुसरण करने की बात कही। उन्होंने बेलतरा के गॉव-गॉव में शिक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्य को प्रशंसनीय बताया। समाज के महासचिव मनीष सेंगर ने समाज के दायित्व व गतिविधियों की जानकारी दी। अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने की। बाल कलाकार तनिष्क वर्मा व लक्ष्मी करियारें तथा सूरज श्रीवास नें भाव भक्ति का गीत सुनाकर आनंदित किया। कार्यक्रम में चितरेश परिहार, धन्नु लास्कर, बृजभूषण श्रवण, विनोद बंजारे, देव पारकर, चन्द्रप्रकाश सूर्या, साखन दर्वे, राजू सूर्यवंशी, अंजोर दास, बुधराम सूर्यवंशी, शंकर सोनी, आर. के. टोन्डे, बी. आर. सत्यार्थी, हरि परिहार, राकेश लसहे, श्याम कार्तिक, नंदनी दर्वे, नागेन्द्र दयाल पत्रवानी, देवा गढ़वाल, टी. आर. लहरे, विश्वनाथ डहरिया, मुंशीराम लिबर्टी, उत्तम, महेन्द्र बिर्जा, सुभाष केवरा आदि मौजूद थे।

### जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान


इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरुना चन्द्र प्रकाश सूर्या, जिला उपाध्यक्ष रहस गढ़वाल, मनोज खरे, मोहन लाल पत्रवानी, बिसाहु आनंद, पार्षद रेखा सूर्यवंशी, संगीता परिहार व रामरतन भारद्वाज, राम लखन सूर्यवंशी, रहस रात्रे, भोला राम रत्नाकर, कलेश्वर सूर्यवंशी, नरेन्द्र लहरे, परस सूर्यवंशी, विनोद कुर्रे, ओमप्रकाश सोनी, टी. सी. रत्नाकर, रामायण सूर्यवंशी, नीलकमल दिवाकर, राम लाल सूर्यवंशी, तथा ओमप्रकाश सूर्यवंशी एवं आभार राम ग्राफिक्स के संचालक रामकुमार पत्रवानी ने माना। अतिथियों एवं जन प्रतिनिधियों को राम ग्राफिक्स द्वारा मोमेंटो, साल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

# आरएसआर में मिलेगा 25 लाख में घर और 2.65 लाख की सरकारी सब्सिडी



बिलासपुर। उसलापुर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित अल्का एवेन्यू में बाजपेयी बिल्डकॉन इंडिया प्रायवेट लिमटेड और ऋतुराज स्टील प्रायवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित आरएसआर अपार्टमेंट का शुभारंभ श्रीमती स्वदेश रिछारिया ने किया। कम कीमत पर अपने निवास का सपना देखने वाले लोगों को 25 लाख से कम कीमत पर घर मिलने के साथ 2.65 लाख की सरकारी सब्सिडी भी मिलेगी।

सोमवार की शाम अल्का एवेन्यू स्थित आरएसआर अपार्टमेंट की ओपनिंग श्रीमती स्वदेश रिछारिया ने की। यह प्रोजेक्ट स्व. रविशंकर रिछारिया की स्मृति में निर्मित किया गया है। आरएसआर अपार्टमेंट हर आम नागरिकों के सपनों का घर हो सकता है। यहां 48 आधुनिक 2 बीएचके फ्लैट्स बनाए गए हैं, जिनकी कीमत 25 लाख रुपए से कम में शुरु होती है। इसके अलावा अपार्टमेंट में मकान लेने वाले लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सरकारी योजना के तहत 2.65 लाख तक सब्सिडी भी दी जा रही है। यह परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण और लोकेशन खुले व हरे-भरे वातावरण में हैं। भरपूर ओपन स्पेस के साथ यह प्रोजेक्ट निवासियों को खालीपन, हरियाली और स्वच्छ



**बिजनेस प्लस**

वातावरण प्रदान करता है। उसलापुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं से भरपूर है। इसके साथ ही यह शहर के अंदर निर्माणाधीन इकलौता मेगा रेसिडेंशियल सोसाइटी है। अल्का एवेन्यू में विभिन्न साइज के सीमित प्लॉट्स भी उपलब्ध हैं, जो 1600, 1760, 1815, 1980, 2520 और 3150 वर्गफुट तक के है। इसमें हर परिवार को उनकी जरूरत के अनुसार विकल्प मिल सकता है। अलका एवेन्यू की चौड़ी सड़कें हरा-भरा वातावरण बरबस ही लोगों को अपनी और आकर्षित कर लेता है, जिसकी वजह से आसपास से लोग यहां मॉर्निंग वॉक करना बहुत पसंद करते हैं। विवेक बाजपेयी ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रीना रिछरिया बाजपेयी के पिता स्व.रविशंकर के नाम से अपार्टमेंट बनाया है। आज उनके ससुर का जन्मदिन भी है। यह अपार्टमेंट 650 वर्गफीट के अंदर बनाया गया है, जिसमें रजिस्टी में भी छूट मिल सकती है। यहां कालोनी में कोई भी प्लाट के सामने बड़ा प्लाट नहीं है। इस उद्देश्य लोगों को कम कीमत पर घर मिल सके।

### दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र का अनुष्ठान हर शुक्रवार को

बिलासपुर। दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र का अनुष्ठान मैडिटेशन हॉल श्री साईं कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में हर शुक्रवार को शाम 4.45 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। अनुष्ठान 11 बार पुरे 13 अध्याय का होगा। जोकि 11 शुक्रवार तक चलेगा। यह साधना सामूहिक होती है और पूर्णतः निःशुल्क है, कोई पंजीयन की आवश्यकता नहीं। जहां भी साधना होती है वहां भाग ले सकते हैं। बीजमंत्रों से पूरे 13 अध्याय करने में मात्र 1 घंटा लगता है, जबकि मूल मंत्र से 13 अध्याय को करने में 4 घंटा लग जाता है। साधना के अंत में हीलिंग कराई जाती है।




# नाइसटेक में मार्ग ईआरपी 9 सॉफ्टवेयर की प्रमाणित ट्रेनिंग शुरू

बिलासपुर। छात्रों और प्रोफेशनल्स के करियर को नई दिशा देने के लिए नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन, ईदगाह चौक बिलासपुर में मार्ग ईआरपी 9 की प्रमाणित ट्रेनिंग शुरू की गई है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि यह संस्थान मार्ग एकेडमी के अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में कार्यरत है।




**एजुकेशन प्लस**

उ न्हों ने बताया कि आज के डिजिटल युग में अकाउंटिंग और इन्वेंट्री मैनेजमेंट का काम अब पहले से कहीं अधिक तकनीकी हो चुका है। इसे देखते हुए मार्ग ईआरपी 9 एक ऐसा लोकप्रिय सॉफ्टवेयर बन चुका है जिसकी मांग छोटे-बड़े व्यापार, मेडिकल स्टोर, हॉस्पिटल और अन्य संस्थानों में तेज़ी से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा अन्य उपयोगी कोर्स प्रारंभ किए गए हैं। इसमें मार्ग सर्टिफाइड प्रोफेशनलः 90 घंटे की ट्रेनिंग अवधि, मार्ग एसोसिएट प्रोफेशनल – 45 घंटे की ट्रेनिंग दी जाती है। इन कोर्सेज के माध्यम से स्टूडेंट्स को मार्ग ईआरपी 9 सॉफ्टवेयर की गहराई से जानकारी दी जाती है, जिसमें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, ऑनलाइन असेसमेंट, और वेरिफायबल सर्टिफिकेशन भी शामिल हैं। कोर्स में इंडस्ट्री की मांग के अनुसार कोर्स डिजाइन,रियल टाइम लर्निंग अनुभव, लर्निंग किट (बुक, पेन, कॉपी आदि) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम एक्सेस, जॉब सपोर्ट पोर्टल की सुविधा है। इसके अलावा कोर्स पूर्ण होने पर स्टूडेंट्स को मार्ग एकेडमी द्वारा प्रमाणित सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, जिसे वे कहीं भी जॉब के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं। अगर आप भी एक सुरक्षित और उज्ज्वल करियर की तलाश में हैं तो अभी नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन, ईदगाह चौक, बिलासपुर में एडमिशन लें और अपने भविष्य को बनाएं मार्ग ईआरपी 9 के साथ।

### मोर दुआर साय सरकार महाअभियान आज से

बिलासपुर। मोर दुआर साय सरकार का महाअभियान 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जा रहा है। इसका समापन 30 अप्रैल को होगा। इसे विशेष पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। वहीं 24 अप्रैल से पंचायत राज दिवस पर ग्रामीणों की सुविधा के लिए डिजि सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। 14 अप्रैल को बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सभी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के संबोधन को सुना। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य, प्रभारी कलेक्टर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, महेश चंद्रिकपुरे, बसंत अंचल मौजूद थे। कार्यक्रम में हर विकासखण्ड से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सीएससी-वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस पर डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जाएगा।

चतुर्थ पुण्यतिथि

सारी उम्र में, एक सपना याद रहेगा। सदियां बीत जाएंगी, वो लम्हा याद रहेगा।।
आप चले गए भले ही इस जहां से। पर सदा आपकी याद का दिया जलता रहेगा।।



स्व. श्री मधुकर राव वासिंग जी
(निधन : 15 अप्रैल 2021) भीगे नयनों से श्रद्धांजलि
आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर
वासिंग परिवार एवं कला जागृति परिवार तथा
समस्त मित्रगण
श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं ...

## खबर संक्षेप

### महिला के घर शराब की बोतल फेंका: जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** महिला के घर में शराब की बोतल व पत्थर फेंकने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नूतन कालोनी निवासी सुनीता पति चंद्रकांत साहू ने रिपोर्ट लिखाई। उनके घर के आगे एच 14 में रहने वाली राकेश श्रीवास्तव शराब के नशे में आए दिन उनके घर के आंगने में शराब की खाली बोतल व पत्थर फेंकता है। उनके द्वारा मना करने पर अश्लील गाली गलौज की जाती है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राकेश श्रीवास्तव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अलग-अलग घटना में दो युवकों ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में एक युवक ने अपने घर में फांसी व एक युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, नानूबाड़ी निवासी राजू यादव पिता पंचू यादव 45 साल ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इसी तरह रेलवे क्वाटर निवासी संतोष पिता हलकुराम मोंगरे 35 साल ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### युवक को बेरहमी से पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराबखोरी के बाद पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने एक अन्य युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की है। खबर है कि युवक पर चाकू से जान लेवा हमला किया गया, उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, लोरमी निवासी सलमान अली रविवार को बिट्टू वैष्णव, राजेश जायसवाल के साथ काम से कोटा आए थे। तीनों रात में लौट रहे थे। गोबरीपाट में तीनों दोस्त रूककर शराब पीने लगे। पूर्व में सलमान अली पर उसके दोस्तों ने एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज कराया था। नशे में धुत होने के बाद उसी बात को लेकर सलमान का दोनों दोस्तों से विवाद हो गया। इस पर दोनों युवक एकराय होकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। बताया जाता है युवकों ने सलमान पर चाकू से हमला कर भाग गए। सोमवार की सुबह लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक को कोटा अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन ने युवक की स्थिति को देखते हुए रिफर कराकर बिलासपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। कोटा थाना के एसआई राज सिंह का कहना है युवक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर पत्थर से हमला किया गया है।

### साथियों ने युवक पर किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** साथियों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी नयापारा निवासी दीपक वैष्णव पिता संजय वैष्णव फैक्ट्री में काम करते हैं। 14 अप्रैल को काम करने के बाद फैक्ट्री से वह दोस्त मनीष मरावी, राजा यादव के साथ घर जा रहे थे। परसदा के पास सिरगिट्टी नयापारा निवासी कृष्णा गोंड़, सोनू गोड़ व अन्य ने पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर कृष्णा गोंड़ ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और उसके साथियों ने हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रकम वसूलने आया युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** क्रिकेट पर सट्टा लगाने वालों से रुपए वसूलने आए युवक को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के कब्जे से एक लाख 50 हजार रुपए जब्त किया गया है। तोरवा थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि खाईवाल के गुर्गे के सट्टे की रकम वसूली के लिए तितली चौक की आने की खबर मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर वसूली के लिए आए योगेश बोधवानी(25) निवासी शनिचरी बाजार को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शहर के बड़े खाईवाल के लिए वसूली का काम करता है। सोमवार को वह सट्टे की रकम वसूलने आया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लाख 50 हजार रुपए जब्त किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

**पुराने बस स्टैंड में बन रही शटल टाइप कार पार्किंग** | **स्टील स्ट्रक्चर का कार्य हुआ, सिविल काम बाकी**

# पेनाल्टी के बाद भी ठेका कंपनी पूरा नहीं कर पाई मल्टीलेवल पार्किंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी के तहत पुराने बस स्टैंड परिसर में बन रहे मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम काफी लेटलतीफ चल रहा है और यहां तक कोलकाता की ठेका कंपनी पर पांच फीसदी राशि पेनाल्टी ठोंकने के बाद मल्टीलेवल पार्किंग का काम पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण स्थल पुराने बस स्टैंड परिसर में स्टील स्ट्रक्चर तो खड़ा हो गया है, किन्तु सिविल वर्क पूरा बाकी है।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अंतर्गत पुराने बस स्टैंड परिसर में आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग बन रहा है। इसका काम समयावधि में पूरा नहीं हो पाया, इसलिए कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि के पांच प्रतिशत राशि स्मार्ट सिटी द्वारा पेनाल्टी लगाई गई है और नोटिस भी दिया गया है। बावजूद इसके मल्टीलेवल पार्किंग का काम अधूरा है।

इस काम को ठेका कंपनी को मार्च माह तक पूरा करने कहा गया था। लेकिन निर्माण स्थल पर फेब्रिकेशन स्टील स्ट्रक्चर ही खड़ा हो पाया है, जबकि अभी सिविल कार्य बाकी और मशीन, उपकरण आदि लगाना बचा हुआ है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन द्वारा डेढ़-दो माह के भीतर काम पूर्ण करने ठेका कंपनी को कहा गया है।

### 12 करोड़ 60 लाख हो रहे खर्च

स्मार्ट सिटी अंतर्गत छत्तीसगढ़ का पहला आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। यह पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी। स्मार्ट सिटी से कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि की लागत से इस आटोमेटिक कार पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसका ठेका करीब दो साल पहले हुआ था और कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को इसका ठेका मिला है। टेंडर के नियम, शर्तों के अनुसार करीब 12 माह में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाकर देना था, किन्तु टेंडर अवधि सालभर पहले ही समाप्त हो चुका है। मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम शुरुआत से काफी धीमा चल रहा है।

### ठेका कंपनी करेगी पांच साल संचालन

ठेका के नियम, शर्तों के अनुसार आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पूरा होने के बाद मल्टीलेवल पार्किंग का संचालन पांच साल तक ठेका कंपनी द्वारा किया जाएगा। पुराना बस स्टैंड एरिया में ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है और पूरे दिन वाहनों की भागदौड़ यहां की सड़कों में रहती है। पुराने बस स्टैंड के आसपास पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने से लोग अपने कार आदि वाहनों को सड़क पर ही खड़े करते हैं, जिससे सड़क पर ट्रैफिक की समस्या पैदा होती है। मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग के बन जाने से इस एरिया में कार पार्किंग की समस्या दूर हो जाएगी।

### 80 कारों की होगी पार्किंग

बस स्टैंड शहर से तिफरा हाईटेक बस स्टैंड में शिफ्ट होने के बाद पुराना बस स्टैंड परिसर खाली पड़ा हुआ था। इस परिसर में करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट एरिया में शटल टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाई जा रही है। यह चार मंजिला कार पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में बाइक पार्क किया जाएगा और पार्किंग में 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी। यह आटोमेटिक पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में कार खड़ा करते ही लिफ्ट के माध्यम से कार फर्स्ट, सेकंड व थर्ड फ्लोर में जाकर पार्क हो जाएगा।

### सिविल वर्क बचा है

पुराने बस स्टैंड परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम चल रहा है। अभी तक स्टील स्ट्रक्चर वर्क हुआ है और सिविल वर्क बचा है। उसके बाद मैकेनिकल और मशीनरी का काम होना बाकी है। ठेका कंपनी को काम में लेटलतीफी के लिए नोटिस जारी किया गया है और पांच प्रतिशत राशि पेनाल्टी भी की गई है।

**-एसपी साहू,** प्रबंधक, स्मार्ट सिटी



# गिफ्ट की दुकान में लगी भीषण आग, पूरा सामान जलकर राख

**बिलासपुर।** सोमवार की तड़के बर्थडे गिफ्ट की दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दो घण्टे बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से दो मंजिला दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है।

नेहरू नगर निवासी पारसराम नागवानी तेलीपारा नंदू गैरेज के पीछे मयानंद परिसर में फिंस नावेल्टी बर्थडे गिफ्ट की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात श्री नागवानी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह 5 बजे मार्निंग वाक पर निकले लोगों ने उनकी दुकान से धुंआ निकलते देखा। सूचना पर कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग पार्टी व दुकान संचालक का बेटा कमल नागवानी मौके पर पहुंच गए। दुकान का शटर खोलकर देखे तो अंदर भीषण आग लगी हुई थी। आगजनी से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। दुकान में केमिकलयुक्त सामान अधिक होने से आग की लपटें बढ़ते जा रही थीं। 2 घण्टे काफी मशक्त करने पर दो दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। दुकान संचालक का संचालक के बेटे कमल नागवानी ने बताया, दो मंजिला दुकान में रखा कीमती गिफ्ट का सामान जलकर नष्ट हो गया है। शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# 46 सौ ई-रिक्शो के लिए एक चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ घंटों खाली बैठकर करना पड़ता है अपनी बारी का इंतजार

शहर में दौड़ रहे 46 सौ बैटरी रिक्शा के लिए केवल एक चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। वेयर हाउस रोड स्थित इस चार्जिंग स्टेशन में चार्जिंट पॉइंट भी सिर्फ सात दिए गए हैं। जिससे एक समय में सिर्फ सात रिक्शा ही चार्ज हो सकते हैं। शेष रिक्शा वालों को चार्जिंग के लिए वहीं घंटों खाली बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना होता है।

शहर को पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त रखने के उद्देश्य से सरकार ने बैटरी चलित वाहनों की बिक्री को बढ़ावा तो दिया, लेकिन बिक्री के बाद सड़को पर दौड़ रहे ई-रिक्शा की चार्जिंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की। शहर में आठ वर्ष पहले वेयर हाउस रोड में एक चार्जिंग पॉइंट बनाया गया था, लेकिन यह संख्या आज आठ वर्षों बाद भी इतनी ही है। बैटरी रिक्शा वाले रोज रात को अपनी रिक्शा फुल चार्ज करके सुबह अपने काम पर निकलते हैं, लेकिन दोपहर होते -होते उनकी बैटरी लो हो जाती है। वेयर हाउस रोड स्थित चार्जिंग स्टेशन में सिर्फ सात पॉइंट दिए गए हैं, जिससे एक समय में सिर्फ सात वाहन ही चार्ज किये जा सकते हैं।

ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि सरकार व जिला प्रशासन को शहर के विभिन्न स्थानों में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कम से कम शहर व आसपास के पेट्रोल पम्पों में भी अगर चार्जिंग की सुविधा मिल जाए तो भी उनकी समस्या काफ़ी हद तक कम हो जायेगी। उन्होंने बताया कि शहर के कई पेट्रोल पम्प ऐसे भी हैं, जो अपने यहां ई-रिक्शा की चार्जिंग करने की अनुमति दे देते हैं, जिससे इन्हें ज्यादा परेशान तो नहीं होना पड़ता, लेकिन यह सिर्फ एक वैकल्पिक व्यवस्था है। सरकार व जिला प्रशासन को ई-रिक्शा व बाईक-स्कूटी की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर अधिक से अधिक संख्या में फास्ट चार्जिंग स्टेशन खोलने की दिशा में काम करना चाहिए। बैटरी रिक्शा की तरह शहर में अब इलेक्ट्रिक बाईक और स्कूटी भी हजारों की संख्या में हैं।



### चार्जिंग की व्यवस्था कहीं नहीं

शहर में ई-रिक्शा और बाईक स्कूटी के मेन रोड व गली मोहल्लों में खुली दुकानों को मिलाकर लगभग 50 से भी अधिक शोरूम खुल चुके हैं, जहां इनकी बिक्री की जा रही है। इसके विपरीत इनके इनके चार्जिंग की व्यवस्था इनमें से किसी भी शोरूम द्वारा नहीं की गयी है। यही कारण है कि चार्जिंग के लिए ई-रिक्शा चालकों की शत-प्रतिशत निर्भरता वेयर हाउस रोड स्थित चार्जिंग पॉइंट पर ही है।

### ज्यादातर ई-रिक्शा शहर के आसपास गांवों के

शहर में चल रही ज्यादातर ई-रिक्शा के चालक आसपास के गांव के हैं। ऐसी स्थिति में वे रिक्शा की बैटरी लो होने की स्थिति में चार्ज करने अपने गांव नहीं जा सकते। अब रिक्शा की बैटरी चार्ज करने का एकमात्र और अंतिम स्थान वेयर हाउस का चार्जिंग पॉइंट ही रह जाता है, जहां चार्जिंग के लिए पहले से ही दर्जनों की संख्या में ई-रिक्शा वालों की लाईन लगी रहती है। एक रिक्शा को सिर्फ कामचलाऊ चार्ज करने में भी कम से कम डेढ़ से दो घंटे लगते हैं। चालकों को इतनी देर अपनी बारी का इंतजार करने फिर अपना रिक्शा चार्ज करने में लगभग तीन घंटे बर्बाद करना पड़ता है।

# सर्वर की समस्या, बिल का नहीं हो सका भुगतान



**बिलासपुर।** सर्वर की समस्या के चलते बिजली विभाग के एटीपी मशीनों में बिल का भुगतान नहीं हो सका। यह समस्या पूरे जिले के एटीपी मशीनों में रही। करीब 3 घंटें के बाद सर्वर बहाल हो सका, लेकिन इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

छुट्टी का दिन होने के बाद भी बिजली विभाग ने बकाया बिल की वसूली के लिए वितरण केन्द्र और जोन कार्यालय के एटीपी मशीनों को खोला रखा। लोगों ने इसे देखते हुए भुगतान के लिए लाइन में भी लगे रहे, लेकिन सर्वर में आई खराबी के चलते बिल का भुगतान नहीं किया जा सका। उपभोक्ता भरी गर्मी में घंटों खड़े रहे। इस दौरान पसीने से तरबतर होना पड़ा। करीब 3 घंटे बाद सर्वर दुरूस्त हो सका। तब तक कई लोग लाइन छोड़कर जा चुके थे। मंगलवार को एक बार फिर बिल पटाने के लिए लाइन लगाने की जरूरत पड़ेगी।

# मंदिर के पास शराब बेचते दो कोचिए पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पुलिस ने कोचियों से 350 लीटर शराब जब्त किया

श्रद्धलुओं के भेष में पुलिस ने मंदिर के पास दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो कोचियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 350 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे को सूचना मिली भनवारटंक मरहीमाता मंदिर के आसपास अवैध शराब बेची जा रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ श्रद्धालुओं के भेष में मंदिर के पास दबिश देकर खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे रामचरण मरकाम पिता सुनहार सिंह मरकाम 52 साल ठोढ़ीनार, बृजेश यादव पिता गोविंद यादव 21 साल खोंगसरा निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 350 लीटर महुआ शराब व 770 रुपए बिक्री रकम जब्त की गई है। इसी तरह बेलगहना में अवैध शराब बेचने वाले शोभा बंजारे पति फलित बंजारे को पकड़कर उसके पास से 30 लीटर शराब जब्त की गई है।

रतनपुर पुलिस ने लिम्हा निवासी कृष्ण कुमार कोरम पिता गणेश सिंह कोरम 38 साल को पकड़कर 64 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। हिर्री पुलिस ने पथरिया पडरियाझाप निवासी मनोज चतुर्वेदी पिता ईतवारी 23 साल को पकड़कर 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने शराब जब्त कर कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिम्स के आपात वार्ड में लगी रही लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मरीजों को उठानी पड़ रही मुसीबत

रविवार के बाद सोमवार को भी सरकारी अस्पतालों में छुट्टी रही। सिम्स में महज दो घंटे के लिए ओपीडी सेवा में मरीजों का इलाज किया गया और 11 बजे के बाद ओपीडी बंद कर दी गई।

सोमवार को दिन होने के चलते दूर दराज से लोग 11 बजे के बाद भी इलाज के आस में पहुंचते रहे। इस दौरान आपातकालीन कक्ष में मरीजों को लाइन लगाना पड़ा। मरीजों को आधा अधूरा इलाज मिल सका। दरअसल 11 बजे के बाद पैथोलॉजी और रेडियोडाग्नोसिस बंद कर दी गई, जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामाना करना पड़ा। यह हाल कमोबेश सभी सरकारी अस्पतालों का रहा। मंगलवार को ओपीडी खुलेगी, लेकिन इस दौरान मरीजों की भीड़ अच्छी खासी रह सकती है। खास बात यह रही कि सिम्स प्रबंधन ने पहले इस बात की जानकारी प्रकाशित नहीं की थी, ऐसे में दूरदराज से ज्यादातर लोग 11 बजे के बाद अस्पताल पहुंचे। जबकि अंबेडकर जयंती के चलते ओपीडी सेवा महज 9 से 11 बजे के लिए ही खुली रही।



सिम्स में इलाज कराने पहुंचे मरीजों की ओपीडी में लगी लंबी कतार।

### मंदिर से चांदी का मुकुट चरणपादुका चोरी

**बिलासपुर।** जन्मोत्सव के दूसरे दिन हनुमान मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर चांदी की मुकुट, चरणपादुका चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चोरी करते नजर आ रहा है। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई है। सीपत पुलिस के अनुसार, रविवार की रात ग्राम दर्राभाठा स्थित हनुमान मंदिर में पूजारी पूजा अर्चना करने के बाद दरवाजे में ताला लगाकर घर चले गए थे। देर रात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और चांदी का मुकुट, चरणपादुका चोरी करने के बाद भाग निकला। सोमवार की सुबह पूजारी पूजा करने आए तब चोरी की जानकारी हुई। मंदिर में चोरी की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने विपिन बिहारी साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। देर रात तक पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई थी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# कानन जू में इंदौर से व्हाइट टाइगर पहुंचेगा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेंडारी में दो दिन बाद व्हाइट टाइगर के परिवार में नए मेहमान की आमद होने वाली है। यह मेहमान इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय से लाया जा रहा है, जो कि यहां आने के बाद कानन पेंडारी का स्थायी रहवासी हो जाएगा। इसके बदले में कानन पेंडारी से चौसिंघा और भालू देने की सहमति बनी है।

कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में वर्तमान में दो तीन व्हाइट टाइगर हैं इनमें से दो मादा और एक नर है। दो मादा में एक 10 वर्ष की बाघिन है और एक नर व एक मादा व्हाइट टाइगर इसी से जन्में हैं। इनके परिवार की वंशवृद्धि के लिए कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क सफेद टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही बाघिन की संतान हैं, इसलिए इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन की रूचि नहीं है। अन्य व्हाइट टाइगर से ब्रीड़िंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरू की गई। इसके लिए देशभर के जू में सपर्क किया गया था, जिसमें जानकारी मिली कि इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक हो गई है और वे उन्हें देना चाहते हैं। कानन पेंडारी प्रबंधन ने इसका प्रस्ताव बनाकर सीजेडए को भेजा था, जहां से ने इसे मंजूरी दे दी गई है। इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय प्रबंधन ने वाइट टाइगर के बदले में कानन पेंडारी से चौसिंघा और भालू की मांग की है। वर्तमान में कानन पेंडारी में 16 चौसिंघा हैं। इनमें से दो मादा और एक नर चौसिंघा देने पर सहमति बनी है। बताया जा रहा है कि इंदौर से वन्यप्राणी संग्रहालय की टीम बाघ को लेकर रवाना हो चुकी है, एक दो दिन में वे लोग यहां पहुंच जाएंगे।





## खबर संक्षेप

### नवधा रामायण में शामिल हुए पूर्व विधायक मक्कड़



तखतपुर। बहतराई में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ सम्मलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यक्ति दिनभर अपने कामों में व्यस्त रहता है और जब कोई तकलीफ या मुसिबत में रहता है तभी ईश्वर को याद करता है जबकि ईश्वर व्यक्ति के साथ हर क्षण रहते हैं और दिनभर देखते हैं कि मनुष्य उन्हें कब याद करता है परंतु अपने दिनचर्या में व्यस्त व्यक्ति ईश्वर को याद भी नहीं कर पाता जबकि उन्हीं की कृपा से पूरी दिनचर्या संचालित है इसलिए ऐसे सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से व्यक्ति कुछ समय के लिए एक साथ बैठकर भगवान का भजन कीर्तन करते हुए उनके गुणों का ज्ञान करते हैं।

### धीरे-धीरे सभी अधूरे कामों को गति दी जाएगी: जालान



पेंड्रा। नगर पालिका पेंड्रा के वार्ड 2 तेंदुपारा में पुरानी सड़क, जो काफी काफी लंबे समय से खराब पड़ी हुई थी एवं इसकी मरम्मत की मांग वार्डवासी बहुत दिनों से कर रहे थे। रविवार 13 अप्रैल को नपा अध्यक्ष राकेश जालान की मौजूदगी में उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारभ किया गया। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होता देख वार्डवासियों के खिल उठे एवं लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए राकेश जालान को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा शहर के हर कोने तक विकास होगा। नाली, पानी, बिजली, सड़क, लोगों के आवास, राशन कार्ड इत्यादि कामों को समुचित रूप से करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान वार्ड 2 की पार्षद सेमकली कोल, पूर्व पार्षद मैकू भरिया, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा, आकाश केसरी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 12 महामाया मंदिर के पास श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कलश यात्रा के साथ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा शिव मंदिर चोरभट्टी होते हुए नगर के के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई महामाया मंदिर घोरमार तालाब से जल लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां कथा वाचक पंडित विष्णु कांत शास्त्री ने भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा मे सैकड़ों माताएं ने कलश लेकर निकलीं। श्रीमद भागवत कथा 14 अप्रैल से प्रारंभ होकर 23 अप्रैल तक आयोजित होगी। कथा में यजमान तरुण कुमार यादव, कुमारी यादव हैं। कलश यात्रा में प्रभात यादव, मनीष यादव, घासीराम यादव, प्रमोद यादव, प्रकाश यादव, प्रवीण यादव के साथ महिला पुरुष शामिल रहे।

### कोटमी सोन नदी और खुज्जी नाला पुल चौड़ीकरण की मांग



पेंड्रा। पेंड्रा मरवाही मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण का कार्य 4 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया था जिसमें सड़क की चौड़ाई 7 मीटर व शोल्डर 3 मीटर का निर्माण कराया गया था, लेकिन उक्त मार्ग में 40 वर्ष पूर्व कोटमी सोन नदी पर तथा भाडी खुज्जी नाला पर निर्मित पुल जिसकी चौड़ाई मात्र 4 से 5 मीटर है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। खुज्जी नाला पुल में दो बड़े वाहन आमने-सामने से क्रॉस नहीं कर पाते तथा अंधा मोड़ ब्लैक स्पॉट होने से हमेशा खतरा बना रहता है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आम जनता की जान जा रही है। पिछले माह सोन नदी के पुल पर बोलेरो अनियंत्रित होकर गिर गई थी जिसमें दो लोगों की मृत्यु हो गई थी। उक्त दोनों पुल का चौड़ीकरण मजबूतीकरण संबंधित विभाग के द्वारा नहीं किया गया जिस संबंध में सुशासन तिहार के अवसर पर कलेक्टर व कार्यपापन अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवेदन प्रस्तुत कर निर्माण शीघ्र करने की मांग की है।

### धर्मजीत की अनुशंसा पर स्कूल में लगी लाइट



तखतपुर। बालक हाई स्कूल मैदान में विधायक धर्मजीत सिंह के अनुशंसा पर जूनों लाइट लग रही है और इसके लग जाने से उस मैदान का उपयोग बढ़ जाएगा। नगर के बालक हाई स्कूल का मैदान मिनी स्टेडियम है जहां क्रिकेट के खिलाड़ी सुबह से अभ्यास करने जाते हैं और 9 बजे के बाद सभी अपने काम काज में लग जाते हैं लम्बे अर्से से खिलाड़ियों के द्वारा मैदान में लाईट की आवश्यकता महसूस की जा रही थी परंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। विधायक धर्मजीत सिंह ने खिलाड़ियों की मंशा अनुसार 1 करोड़ रूपए की राशि व्यवस्था कराई है जिसके तहत मैदान पर चारों कोनों में जूनों लाईट लगाई जा रही है जो एक दो दिनों में पूरा हो जाएगा और इस लाईट के लग जाने से रात्रि के समय भी खिलाड़ी खेल का अभ्यास कर सकेंगे।

## जयंती पर अंचल में विविध आयोजन, डा. भीमराव अंबेडकर को किया गया याद

# बाबा साहेब अंबेडकर के संघर्ष से लें प्रेरणा: मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को जिले में सामाजिक समरसता के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल से बैंकिंग एवं डिजिटल सेवा का शुभारंभ करने की घोषणा की।

सीएम ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की स्थापना की जा रही है, जहां 24 अप्रैल से आमजनों को बैंकिंग, डिजिटल सेवा, जन्म-मृत्यु, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि की सुविधा मिलेगी। इसके लिए ग्राम पंचायतों में सुव्यस्थित भवन की सुविधा की गई है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना का पैसा भी ग्राम पंचायतों से ही मिलेगा। कार्यक्रम में 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं च्वाईस सेंटरों के व्हीएलई को प्रतिकात्मक ओएमयू पत्र प्रदान किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक पुन्नूलाल मोहले व उपस्थित गणमान्य नागरिक।

प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष दो चीजों संवेदना और स्वयंवेदना पर आधारित है। बाबा साहेब ने अपने समय में कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, बड़ी संख्या में आमलोग मौजूद रहे।



### बाबा साहब ने उठाई अन्याय के खिलाफ आवाज

तखतपुर। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति पिछड़ा वर्ग महासंघ के नेतृत्व में मनाया गया। युवाओं ने बाइक रैली के साथ शोभायात्रा निकाली। यात्रा सतनाम भवन नया बस स्टैंड से प्रारम्भ होकर मुख्य सड़क मार्ग से होती हुई मंडी चौक से पुनः वापस सतनाम भवन में समापन हुई।

सभापति सुनील जांगड़े ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के ऐसे महान चिंतक, संविधान निर्माता और लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने ना केवल भारतीय संविधान को आकार दिया बल्कि समाज मे व्याप्त आसमानता और अन्याय के खिलाफ प्रखरता से आवाज उठाई। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत जांगड़े तथा आभार राकेश डहरे ने किया। इस अवसर पर संतोष बंजारे, नितिन प्रधान, हीरा लाल जांगड़े, धरम चतुर्वेदी, डालचंद डाहिरे, बी सी कुर्रे, पी आर बंजारे, नरेन्द्र जांगड़े, प्रियांशु डहरिया, धनुष मनहर, संतोष खांडे, सखाराम लहरे, संदीप अनंत, राजकपूर गेंदले, सत्यम बाँधले, होरी लाल माथुर, ऋषि चतुर्वेदी, शैलेन्द्र आहूजा, अन्नुमलिक चतुर्वेदी, रंजन चतुर्वेदी, दीपक लहरे, दुर्गा खांडे, रंजीता लहरे, सरस्वती डहरिया, पिंकी जांगड़े, नीलम जांगड़े, दिव्या डहरिया, सत्या डहरिया, लता डहरिया, उर्मिला डहरिया आदि मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने किया याद

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर कांग्रेस कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं पुण्यतिथि मनाई गई। अजय सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा की भीम राव अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण करके सभी लोगों को कानून के ताने बाने में बुना वहीं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने बताया कि भीम राव अम्बेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान आज पूरे विश्व उनके बनाएं हुए संविधान की सराहना कर रहा ऐसा महामानव दुनिया के लिए प्रेरणा देकर गए हैं। इस अवसर पर सुरेश सिंह ठाकुर बिहारी देवांगन अजय सिंह अजय देवांगन सुरेन्द्र प्रधान चंद्रप्रकाश देवांगन सुनील जांगडे संजू मिश्रा दिनेश देवांगन राजू सिंह ठाकुर रमन हुरा करीम कुरैशी अवधेश शुक्ला मनोज ठाकुर सुनीता बंजारे संजय सोनी आवेश जान यकीन दास सहित अन्य उपस्थित रहे।संचालन बिहारी देवांगन आभार प्रदर्शन संजू मिश्रा द्वारा किया गया।

### सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े सीएम



गौरेला। भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय उ.मा. शाला पेंड्रा के ऑडिटोरियम हॉल में जिला स्तरीय ₹सामाजिक समरसता दिवस₹ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि सरकार सभी वर्गों विशेषकर किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों के समावेशी विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने ₹मोर दुवार, साय सरकार₹ अभियान के तहत 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाए जा रहे विशेष अभियान की जानकारी साझा की। मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद वैद्य ने संविधान में निहित शक्तियों के माध्यम से सामाजिक समानता और अधिकारों की व्याख्या की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम अमित बेक, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर, नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, गणमान्य नागरिक बृजलाल सिंह राठौर, पहलवान सिंह, तापस शर्मा, सचिन जैन, अजय तिवारी, छोटेलाल सोनी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, उपसंचालक पंचायत यशवंत बघेल, जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम दुर्गाशंकर सोनी, जनपद सीईओ हरिनारायण खुटेल, पेण्ड्रा जनपद सीईओ नम्रता शर्मा समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

### युवाओं ने दिया सामाजिक एकता का संदेश



पथरिया। नगर सहित क्षेत्र में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमे नगर पर युवाओं द्वारा एक भव्य रैली निकाली गई। शाम 4 बजे शुरू हुई इस रैली में जय भीम के नारों के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। प्रतिभागियों ने बाबा साहब की तस्वीरें और झंडे लेकर मार्च किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और अधिकारों के लिए आवाज उठाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, आयोजन समिति के रविन्द्र बघेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, पार्षद राम बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रघु वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष ग्वाल दास, पार्षद प्रकाश भार्गव, युवा सामाजिक नेता रविन्द्र बघेल, ग्वाल दास अनंत, सुरेन्द्र सांडे, किशन आदि मौजूद रहे।

### आज भी प्रेरणा देते हैं डॉ. आंबेडकर



लोरमी। संविधान निर्माता, समाज सुधारक भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती नेहा पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय की प्राचार्य प्रियंका टोण्डे ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक न्याय की भावना आज भी हमें प्रेरणा देता है। विद्यालय के संचालक सुनील लहरे ने कहा कि संविधान निर्माण के माध्यम से हमें अधिकार मिला और देश के लोकतंत्र को मजबूत नींव दी। मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका प्रिया अहिरवार एवं आभार शशी लहरे ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका किरन कश्यप, भारती मरावी, नीलम लहरे, गीता यादव, सुजाता ध्रुव उपस्थित रहे।

### अम्बेडकर जयंती पर विकास की चर्चा



लोरमी। ग्राम परसवारा में अंबेडकर जयंती पर ग्राम सभा का आयोजन कर डॉ अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। उनके जीवन चरित्र पर चर्चा उपरांत ग्रामसभा में ग्रामवासियों द्वारा ग्राम विकास पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य आदित्य ध्रुव, सरपंच अनुपा सुमन खुसरो, उपसरपंच यशोदा ध्रुव, कृष्णा बाई, परसराम मरकाम, चंदेल ध्रुव, रतिराम ध्रुव, रामुसिंह ध्रुव, बिमला पार्थी, लक्ष्मीन बैगा, अंजली ध्रुव, कांति बैगा, सबिता यादव, मन्नू यादव, प्रेमाबाई, धनसिंह ध्रुव, पंचदेव ध्रुव, रमाकांत ध्रुव, सूरज तिवारी मौजूद थे।

## कार्यक्रम में धर्मजीत बोले- जनता को मिले योजनाओं का लाभ



कार्यक्रम में शामिल विधायक धर्मजीत सिंह।

तखतपुर। भाजपा द्वारा आयोजित समरसता दिवस कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। विधायक श्री सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि बनने के बाद अधिकार तो मिल जाता है साथ ही कर्तव्य निभाने का दायित्व भी बढ़ जाता है। अतः:सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ शोषित,वंचित लोगों को दिलाने का कार्य करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष कौशिक ने सभी जनप्रतिनिधियों को सक्रियता से कार्य करने प्रेरित किया। प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक ने समरसता दिवस और भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन वृत्त और पंचतीर्थ के बारे में बतलाया। बंशी पाड़े ने भीमराव अम्बेडकर के जीवन परिचय विस्तार से बताया। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सदस्य, भारती माली, अंबिका साहू, अधिवक्ता अशोक सिंह, विवेक पांडेय, जनपद सदस्य मनहरण कौशिक, भारत मरकाम, ऋृषभ कश्यप, सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, दिनेश राजपूत, कृष्ण कुमार साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू और दिनेश साहू ने किया।

## गायत्री परिवार ने निकाली व्यसन मुक्त रैली



गौरेला। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा उपजोन समन्वयक धनसाय बैगा की अध्यक्षता में 13 अप्रैल को त्रैमासिक कार्यकर्ता संगोष्ठी एवं विशाल व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में समाज में फैली नशे की लत से जूझ रहे लोगों के बीच अखिल विश्व गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा विशाल व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। उसके उपरांत सामूहिक भोजन प्रसाद ग्रहण कर त्रैमासिक कार्यकर्ता संगोष्ठी प्रारंभ हुआ। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के प्रभारियों के द्वारा अपने अपने जिले के का त्रैमासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार की पहल पर माता भगवती जन्म शताब्दी समारोह वर्ष 2026 में आयोजित करने हेतु जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में रामकुमार श्रीवास गायत्री परिवार सह समन्वयक उपजोन संभाग बिलासपुर (छग), एस.एस. चंदेल गायत्री परिवार वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं उपजोन कोर कमेटी सदस्य, एसपी चौहान उपजोन सह संगठन प्रभारी बिलासपुर, केके श्रीवास उपजोन सह संगठन प्रभारी जीपीएम, लखन श्रीवास उपजोन संगठन प्रभारी मुंगेली, इंद्रजीत ध्रुव जिला संगठन प्रभारी मुंगेली, योग राम राठौर जिला संगठन प्रभारी जीपीएम, चंद्र मोहन शाक्य जिला समन्वयक जिला जीपीएम, नर्मदा प्रसाद गुप्ता जी व्यवस्थापक गायत्री चेतना केंद्र बेलमुंडी बिलासपुर, योगेश साहू व्यसन मुक्ति अभियान प्रभारी उप जोन संभाग बिलासपुर, भुलउराम साहू व्यवस्थापक गायत्री प्रज्ञापीठ खम्हरिया बिलासपुर, रोमा साहू प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सदस्य एवं जिला युवा प्रकोष्ठ प्रभारी बिलासपुर, प्रतिभा राठौर नारी जागरण जिला प्रमुख, श्याममणी बृजलाल सिंह राठौड़, जिला पंचायत सदस्य, संतोष मास्को, इंद्रावती कोसले, उधो प्रजापति बिलासपुर, मुंगेली तथा जीपीएम के समस्त गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष राठौड़ युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक गायत्री परिवार के द्वारा किया गया।

## राजभवन पहुंचे वनवासी बच्चे दी उपलब्धियों की जानकारी



मुंगेली। प्रयास अ स्मॉल स्टेप फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रयास वनवासी पाठशाला के बच्चे राजभवन के आमंत्रण पर अतिथि के रूप में राजभवन पहुंचे।

राज्यपाल द्वारा आयोजित 12 तारीख को शाम 6 बजे से राजभवन के दरबार हाल में अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान तीनों राज्यों का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें तीनों राज्यों से आये हुए राज्य प्रतिनिधियों के द्वारा अपने राज्य से संबंधित उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल के द्वारा दरबार हाल में उपस्थित सभी अतिथियों को संबोधित किया। इसके पश्चात विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश, उड़िसा, राजस्थान के राज्यपाल के द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस के लिए बधाई संदेश प्रेषित किये। उद्बोधन पश्चात उड़िसा, राजस्थान, अरुणाचल से आये हुए लोक कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका भरपूर आनंद प्रयास वनवासी पाठशाला के बच्चों नें लिया। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल को ताजा तेंदू, महुआ फूल और शहद भेंट किया गया।

## किया रामायण पाठ, बांटा गया प्रसाद

# केशरवानी महिला समिति ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव



मुंगेली। केशरवानी महिला समिति ने स्थानीय श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। केशरवानी महिला समिति द्वारा रामायण पाठ करने के 35 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता द्वारा ढोलक, मंजीरे की थाप में सामूहिक सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का पाठ कर पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री जया गुप्ता ने जय वीर हनुमान के सामूहिक जयकारे के साथ आयोजन को जोर-शोर से आगे बढ़ाया एवं विशिष्ट सलाहकार राजुल केशरवानी ने अपने माता-पिता स्व शराम गुप्ता एवं स्व नंदबाई गुप्ता की स्मृति में साउंड सिस्टम प्रदान किया। नगर अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की ओर से जन्मोत्सव में पूड़ी, हलवा का भंडारा का आयोजन कर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया गया। संरक्षक प्रमिला गुप्ता, सपना गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनीता गुप्ता, मनोरमा गुप्ता, उपाध्यक्ष ममता केशरवानी, संगठन मंत्री पदमा केशरवानी, विशिष्ट सलाहकार सुरेखा, सरोज गुप्ता आदि महिलाओं ने बजरंगबली को रोट, नारियल, बूंदी वा मगज के लड्डू, विभिन्न प्रकार के फलों का भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ज्योति ने लाल साड़ी में उपस्थित महिलाओं के लिए रोचक गेम का आयोजन किया, जिसमें प्रथम संगठन मंत्री सीमा गुप्ता, द्वितीय मंजुला, तृतीय अश्रुती ने स्थान प्राप्त किया।

### विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

करगी रोड कोटा। विश्व हिंदू परिषद, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं धर्म प्रेमी सनातन समाज द्वारा हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंडी प्रांगड़ तहसील के सामने श्री हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के बाद भोग भंडारा लगाया गया। एक परिवार को घर वापसी करवा कर पुनः हिंदू समाज में स्वागत किया गया। दुर्गा वाहिनी की बहनों को हिंदू नववर्ष में विशेष सहभागिता पर प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऊषा बाबा गोस्वामी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, संयोजिका अंबिका मानिकपुरी, सह संयोजिका विनीता गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष सुखविंदर कौर, प्रतिभा विश्वकर्मा ,मीना विश्वकर्मा ,मंजू अग्रवाल ,कल्पना मित्रा ,सरोज जैसवारा ,किरण गुप्ता,साधना रजक, पूजा विश्वकर्मा, प्रियंका गेरा वंदना ठाकुर, सोनिया राजपूत ,शकुंतला ,मिथिलेश दुबे ,शकुन विश्वकर्मा खुशबू कोरी, निकिता मानिकपुरी ,भूमिका कोरी, प्रिया सिंग, खुशबू टंडन, रेशमी टंडन ,विंदु मानिकपुरी, दिव्यांजलि मानिकपुरी ,दिशा विश्वकर्मा ,परमजीत कौर, सारिका जायसवाल ,रिया सींग आदि उपस्थित रहीं। विश्व हिंदू परिषद से अध्यक्ष विनय गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकुमार साहू, प्रचार प्रसार प्रमुख हर्ष गुप्ता, श्री पांडे, मोहन वैष्णव सह संयोजक, अनिकेत ,राहुल ,वीर अर्णव गेरा आदि बजरंग दल से उपस्थित रहे।



## आंधी से पेड़ धराशाई, 100 गांवों की बिजली बंद

लोरमी। भीषण गर्मी में तपते सूरज की गर्मी से बिन मौसम बरसात ने लोगों राहत जरूर पहुंचाई है, लेकिन आंधी से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। आंधी से पेड़ गिरने के कारण क्षेत्र के 100 गांवों में बिजली सप्लाई हो गई, जिससे लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार को शाम मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर 3 बजे अंधड़ के साथ हल्की बारिश से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। आंधी के कारण क्षेत्र में 100 से अधिक स्थानों में प्राकृतिक रूप तार टूटने की शिकायत बिजली विभाग को मोबाइल से मिलती रही। आंधी से तुलसाघाट के केन्द्रीय रोपणी में एक विशालकाय पीपल का पेड़ धराशाई हो गया। इसी तरह नगर के टाउन एक, दो, तीन सारधा क्षेत्र एवं झझपुरी, चंद्रपुर सहित जूनापारा व



अन्य विद्युत फीडर क्षेत्र के लगभग 80 से 100 ग्रामों के तार टूटने के कारण विद्युत व्यवस्था लगभग 3 से 4 घण्टे बाधित रहा। जिसको व्यवस्थित सुचारू करने विद्युत विभाग के कर्मचारी देर रात तक फील्ड में जुटे रहे।

### मिली थी शिकायत

आंधी से तार टूटने की शिकायत मिली थी। पेड़ के धराशाई होने के कारण 80 से 100 गांवों में बिजली चली गई थी, जिसको विद्युत विभाग ने दुरुस्त कर लिया है।

**-केसी गुप्ता**, कनिष्ठ यंत्री